तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	.../18	

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट प्रस्तुत करते हुये यह अनुतोष चाहा है कि चक 21 एलएलडब्ल्यू के जमाबन्दी सम्वत 2069–72 खाता संख्या–19/17 खाता गुलाब सिहं आदि में प्रार्थी के गलत नाम ''बलदेव सिहं पुत्र वजी सिहं'' व ''बलवेन्द्र सिहं पुत्र वजीर सिहं'' तथा खाता संख्या–39/35 खाता नेक सिहं आदि में ''बलदेव सिहं पुत्र वजीर सिहं'' तथा खाता संख्या–20/27 खाता जगदीशराम आदि में ''बलदेव सिहं पुत्र वजीर सिहं व ''बलवेन्द्र सिहं पुत्र वजीर सिहं'' के स्थान पर बलविन्द्र सिहं पुत्र वजीर सिहं'' नाम दुरूस्त किया जावे। प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत होने पर तहसीलदार (राजस्व) हनुमानगढ़ से विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई गई। तहसीलदार हनुमानगढ़ की रिपोर्ट में भी प्रार्थी के प्रार्थना–पत्र का कोई विरोध नहीं किया तथा प्रार्थी का नाम दुरूस्त किये जाने में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार (राजस्व) हनुमानगढ़ से प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रार्थी ने प्रार्थना–पत्र के साथ ग्राम पंचायत मानुका द्वारा जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया। अतः ग्राम पंचायत मानुका के प्रमाण–पत्र व तहसीलदार हनुमानगढ़ की रिपोर्ट में प्रार्थी के कथनो का कोई विरोध नहीं हो कारण न्यायहित प्रार्थना–पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाना न्यायोचति है।

अतः प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट स्वीकार किया जाकर चक 21 एलएलडब्ल्यू के जमाबन्दी सम्वत 2069–72 खाता संख्या–19/17 खाता गुलाब सिहं आदि में प्रार्थी के गलत नाम ''बलदेव सिहं पुत्र वजीर सिहं'' व ''बलवेन्द्र सिहं पुत्र वजीर सिहं'' तथा खाता संख्या–39/35 खाता नेक सिहं आदि में ''बलदेव सिहं पुत्र वजीर सिहं'' तथा खाता संख्या–20/27 खाता जगदीशराम आदि में ''बलदेव सिहं पुत्र वजीर सिहं व ''बलवेन्द्र सिहं पुत्र वजीर सिहं'' के स्थान पर बलविन्द्र सिहं उर्फ बलदेव सिहं पुत्र वजीर सिहं'' राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। उक्त आदेश की पालना में तहसीलदार (राजस्व) हनुमानगढ़ को पत्र जारी हो। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरमीम तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 28.02.2018 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(सुरेन्द्र सिहं पुरोहित)
सहायक कलैक्टर एवं
उपखण्डाधिकारी (राजस्व)
हनुमानगढ़

सहायक कलक्टर
एवं उपखण्डाधिकारी
हनुमानगढ़

Web Copy - Not Official

Scanned by CamScanner